संख्या- 12 /2016/188/एक-6-2016-135(20)/2012

प्रेषक,

डी0 के0 सिंह ,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,

राजस्व परिषद,

उ0प्र0 लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक 26 फरवरी, 2016**

विषय: वेतन समिति (2008) की राजकीय विभागों के अनुरेखक (ट्रेसर) तथा मानचित्रकार संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-1360/एक-6-2015-135(20)/2012, दिनांक 23 नवम्बर, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें अनुलग्नक-1 के स्तम्भ 4 में मानचित्रकार को अनुमन्य ग्रेड वेतन त्रुटिवश 2400 के स्थान पर 1900 तथा स्तम्भ-5 में मानचित्रकार पदों की संख्या-03 के स्थान पर 01 तथा अनुलग्नक-2 के स्तम्भ-5 में मानचित्रकार के पदों की संख्या-03 के स्थान पर 01 अंकित हो गयी है ।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-1360/एक-2015-135(20)/2012 दिनांक 23-11-2015 के अनुलग्नक-1 के स्तम्भ-4 में अंकित ग्रेड वेतनमान 1900 के स्थान पर 2400 तथा कालम-5 में मानचित्रकार के पदो की संख्या-01 के स्थान पर 03 तथा अनुलग्नक-2 के स्तम्भ -5 में मानचित्रकार के पदो की संख्या- 01 के स्थान पर 03 पद पढ़ा जाये। इसके अलावा मानचित्रकार के पदों पर भर्ती के सम्बन्ध स्तम्भ-6 में आवश्यक संशोधन किये गये हैं। तदनुसार उक्त शासनादेश के अनुलग्नक-1 व 2 में संशोधन संलग्न के अनुसार किया गया है। शेष यथावत रहेगा।

3- उक्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझा जाये।

4- उक्त शासनादेश वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1 के अशासकीय संख्या-वे0आ0-1-77/दस-2016 दिनांक 16 फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(डी0 के0 सिंह)

सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 12/2016/188(1)/एक-6-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (प्रथम) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग- 1 /2, उ0प्र0 शासन।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5 उ0प्र0 शासन।
4- वित्त सामान्य अनुभाग-1/2 उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(गिरीश चन्द्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 12/2016/188(2)/एक-6-2016-135(20)/2012 दिनांक 26 फरवरी, 2016 का संलग्नक

अनुसंलग्नक-1

क्र0सं0	पदनाम	वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	पदो की संख्या
1	2	3	4	5
1	अनुरेखक	5200-20200	1900	3
2	मानचित्रकार	5200-20200	2400	3

अनुसंलग्नक-2

क्र0 सं0	पदनाम	वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	पदो की संख्या	शैक्षिक अर्हता/ नियुक्ति/ पदोन्नति की प्रक्रिया
1	2	3	4	5	6
1	अनुरेखक	5200-20200	1900	3	सीधी भर्ती सिंचाई विभाग के अनुरेखक के समान हाई स्कूल और आई0 टी0 आई0 (सिविल) प्रमाण पत्र
2	मानचित्रकार	5200-20200	2800	3	ड्राफ्ट मैन के 20 प्रतिशत पदो को मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अनुरेखको से पदोन्नति देकर भरा जायेगा। जिनकी इस रूप में 10 वर्ष की सेवाये पूर्ण हो, ड्राइंग कार्य का सामान्य ज्ञान हो तथा विभाग द्वारा आयोजित अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण की हो या वे अनुरेखक जो मानचित्रकार (ड्राफ्टसमैन) हेतु अपेक्षित सीधी भर्ती की योग्यता रखते हों। ड्राफ्टसमैन के 80 प्रतिशत पदो को हाई स्कूल तथा ड्राफ्टसमैन का डिप्लोमा/ सार्टिफिकेट की अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से सीधी भर्ती द्वारा भरा जायेगा।

(गिरीश चन्द्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।